## शेखावाटी के उद्यमियों ने किया चौटाला का स्वागत

**सीकर, 2 मई (काप्र)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के पिछले दिनों कोलकाता प्रवास के दौरान वहां शेखावाटी के प्रवासी उद्योगपतियों ने उनका स्वागत किया। श्री चौटाला के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें शेखावाटी के सभी प्रमुख उद्योगपति मौजूद थे। स्वागत के प्रति आभार व्यक्त करते हुए श्री चौटाला ने कहा कि देश के औद्योगिक विकास में शेखावाटी के प्रवासी उद्योगपतियों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार वहां स्थापित उद्योगों तथा नए उद्योगों की स्थापना के लिए आगे आने वाले उद्योगपतियों को हर संभव सहायता देने के लिए कटिबद्ध है। समारोह में अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी युवा सम्मेलन के अध्यक्ष संदीप •भूतोड़िया व घनश्याम सारडा सहित अनेक उद्यमियों ने श्री चौटाला का माल्यार्पण कर स्वागत किया। समारोह में हरियाणा के शहरी विकास राज्यमंत्री सुभाष गोयल भी उपस्थित थे।


## शेखावाटी के उद्यमियों ने किया चौटाला का स्वागत

**सीकर, 2 मई (काप्र)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के पिछले दिनों कोलकाता प्रवास के दौरान वहां शेखावाटी के प्रवासी उद्योगपतियों ने उनका स्वागत किया। श्री चौटाला के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें शेखावाटी के सभी प्रमुख उद्योगपति मौजूद थे। स्वागत के प्रति आभार व्यक्त करते हुए श्री चौटाला ने कहा कि देश के औद्योगिक विकास में शेखावाटी के प्रवासी उद्योगपतियों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार वहां स्थापित उद्योगों तथा नए उद्योगों की स्थापना के लिए आगे आने वाले उद्योगपतियों को हर संभव सहायता देने के लिए कटिबद्ध है। समारोह में अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी युवा सम्मेलन के अध्यक्ष संदीप •भूतोड़िया व घनश्याम सारडा सहित अनेक उद्यमियों ने श्री चौटाला का माल्यार्पण कर स्वागत किया। समारोह में हरियाणा के शहरी विकास राज्यमंत्री सुभाष गोयल भी उपस्थित थे।


शेखावाटी भास्कर, शुक्रवार, ३ मई २००२

ess bee




सीकर। कोलकाता में शेखावाटी के उद्योगपतियों द्वारा हरियाणा के मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के स्वागत समारोह में चौटाला के साथ अंतरराष्ट्रीय मारवाड़ी युवा सम्मेलन के अध्यक्ष संदीप भूतोड़िया, साथ में हैं उद्योगपति घनश्याम सारड़ा व हरियाणा के शहरी विकास राज्यमंत्री सुभाष गोयल। भास्कर

शेखावाटी भास्कर, शुक्रवार, ३ मई २००२

ess bee

## राजस्थान फाउंडेशन की कोलकाता शाखा का उद्घाटन चार अगस्त को

कोलकाता, २८ मई (जप्र)। राजस्थान के सामाजिक, सांस्कृतिक व आर्थिक विकास के लिए प्रवासी राजस्थानी व राजस्थान में रुचि रखने वाले लोगों को राजस्थान से जोड़ने वाली संस्था राजस्थान फाउंडेशन की कोलकाता शाखा का उद्घाटन चार अगस्त को यहां किया जाएगा। फाउंडेशन के कार्यकारी अध्यक्ष विनोद अजमेरा ने मंगलवार को राजस्थान सूचना केंद्र में पत्रकारों को बताया कि संस्था के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश व विदेशों के प्रमुख शहरों में इसकी शाखाएं खोली जा रही हैं। यह संस्था प्रवासी राजस्थानी व प्रवासी भारतीय व राजस्थान सरकार के बीच संपर्क स्थापित करने की भूमिका निभाएगी। संस्था की स्थापना ३१ मार्च २००१ को की गई थी।



*राजस्थान फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक विनोद अममेरा के स्वागत के मौके पर मीना पुरोहित ( उप मेयर ) कोलकाता, संदीप भूतोड़िया, प्रकाश रांका, दीपचंद नाहटा, विनोद अजमेरा, कल्याणमल लोढ़ा, नंद किशोर जालान, जेएन मूंधड़ा व श्यामसुंदर सांगानेरिया।*

जनसत्ता, बुधवार, २९ मई, २००२

## राजस्थान फाउण्डेशन

कोलकाता, २८ मई (वि. प्र.)। राजस्थान फाउण्डेशन के कोलकाता चैप्टर की स्थापना शीघ्र ही की जायेगी। आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए फाउण्डेशन के एक्सक्यूटिव डायरेक्टर विनोद अजमेरा ने बताया कि आगामी ४ अगस्त को फाउण्डेशन के चेयरमैन तथा राजस्थान के मुख्य मंत्री अशोक गहलोत इस चैप्टर का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों से यहां विचार विमर्श किया गया है तथा कोलकाता चैप्टर के अध्यक्ष की घोषणा जल्द ही की जायेगी। राजस्थान फाउण्डेशन प्रवासी राजस्थानियों के बीच समन्वय स्थापित करने तथा राजस्थान में निवेश करने के इच्छुक लोगों के लिए सारी जानकारी उपलब्ध कराने का कार्य करता है। संवाददाता सम्मेलन में संदीप भूतोड़िया व अन्य मौजूद थे।

सन्मार्ग, बुधवार, २९ मई २००२

ess bee



*राजस्थान फाउण्डेशन के कार्यकारी निर्देशक श्री विनोद अजमेरा के कलकत्ता आगमन पर श्री दीपचन्द नाहटा के निवास पर स्वागत किया गया। चित्र में परिलक्षित हैं सर्वश्री संदीप भूतोड़िया, मोहनलाल तुल्स्यान, दीपचन्द नाहटा, प्रकाश रांका, श्री विनोद अजमेरा एवं कल्याणमल लोढ़ा।*

# राजस्थान फाउण्डेशन अपना कोलकाता चेप्टर खोलेगा

कोलकाता, २८ मई (नप्र)। 'राजस्थान फाउण्डेशन' के एक चेप्टर का उद्घाटन ४ अगस्त को कोलकाता में किया जाएगा। इसका उद्घाटन राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत करेंगे। यह जानकारी एक संवाददाता सम्मेलन में फाउण्डेशन के कार्यकारी निदेशक विनोद अजमेरा ने दी। उन्होंने बताया कि सितंबर २००० में अंतर्राष्ट्रीय राजस्थानी सम्मेलन का आयोजन किया गया था, जिसमें 'राजस्थान फाउण्डेशन' के गठन का निर्णय लिया गया। फाउण्डेशन के चेयरमैन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हैं। फाउण्डेशन का मूल उद्देश्य राजस्थान का सर्वांगीण विकास करना है। खासकर सामाजिक और आर्थिक। राजस्थान के बाहर देश के अन्य हिस्सों के प्रवासियों एवं देश के बाहर के अप्रवासियों को राजस्थान से जुड़ने हेतु इसका गठन किया गया। देश के ९ शहरों में इसके चेप्टर खोले जाएंगे। कुछ शहरों में खोले जा चुके हैं। राजस्थान के सबसे ज्यादा प्रवासी कोलकाता में ही रहते हैं। इसलिए फाउंडेशन की कोलकाता पर खास नजर है। संवाददाता सम्मेलन का आयोजन राजस्थान सूचना केन्द्र अधिकारी जयदीप भट्टाचार्य द्वारा किया गया। सम्मेलन में अजमेरा के अलावा विश्वम्भर नेवर एवं ससंदीप भूतोड़िया ने खासकर हिस्सा लिया।

दैनिक विश्वमित्र, बुधवार, २९ मई २००२

ess bee

# विद्या दान ही महादान है : संदीप भूतोड़िया

कोलकाता, १ जून (नि.प्र.)। विद्या दान से बड़ा दूसरा कोई दान नहीं है। नि:शुल्क पाठ्य-पुस्तक वितरण के इस समारोह को एक कार्यक्रम का नाम दिया जा रहा है, किन्तु सत्य यह है कि यहां पर विद्या हेतु एक यज्ञ किया जा रहा है। इस यज्ञ में पुण्य के भागी इस कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सभी व्यक्ति है। ये विचार अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन, युवा शाखा के अध्यक्ष श्री संदीप भुतोड़िया ने भारत रिलीफ सोसाइटी द्वारा आयोजित १७वें नि:शुल्क पाठ्य-पुस्तक वितरण समारोह में प्रकट किया। समारोह में करीब आठ सौ विद्यार्थियों में उनकी आवश्यकतानुसार हिन्दी, बंगला एवं उर्दू की पाठ्य-पुस्तकें वितरित की गईं। श्री भूतोड़िया ने कहा कि विदेशों में 'कॉमन एजूकेशन कोड' सरकार द्वारा लागू किया जाता है, जिसके तहत एक निश्चित सीमा तक की शिक्षा सभी के लिए अनिवार्य है। हम अपने देश में इस तरह का विधेयक तो नहीं ला सकते, लेकिन इस तरह के कार्यक्रमों के द्वारा समाज में शिक्षा के प्रसार में मदद कर सकते हैं। उन्होंने प्रभा खेतान फाउन्डेशन और अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन, युवा शाखा के सांझा कार्यक्रम 'एजुकेशन फॉर ऑल' के तहत भारत रिलीफ सोसाइटी द्वारा प्रस्तावित दस विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देने की घोषणा की। रिलीफ सोसाइटी के प्रधान सचिव श्री विश्वम्भर नेवर ने सोसाइटी की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री हृदयानंद गुप्त, सदस्य मेयर परिषद ने की। भारत रिलीफ सोसाइटी के अध्यक्ष चुन्नीलाल सोमानी, स्थानीय पार्षद श्रीमती रेहाना खातून इत्यादि गणमान्य व्यक्ति मंच पर उपस्थित थे।




*भारत रिलीफ सोसाइटी द्वारा १७वें नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण समारोह के अवसर पर लिए गए चित्र में अन्तर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन युवा शाखा के अध्यक्ष श्री संदीप भूतोड़िया, मेयर परिषद के सदस्य श्री हृदयानंद गुप्त, श्री विश्वम्भर नेवर, श्री चुन्नीलाल सोमानी व अन्य।* दैनिक विश्वमित्र चित्र

दैनिक विश्वमित्र, रविवार, २ जून २००२

ess bee

## एक नज़र

### पुस्तक वितरण समारोह संपन्न

**कोलकाता, 1 जून :** भारत रिलीफ सोसाइटी द्वारा पुस्तक वितरण समारोह का आयोजन किया गया. इस समारोह में 800 छात्रों को हिंदी, उर्दू व बांग्ला की पुस्तकें दी गयीं. इस अवसर पर सोसाइटी ने दस छात्रों को छात्रवृत्ति देने की घोषणा की. समारोह में बतौर अतिथि संदीप भूतोड़िया, हृदयानंद गुप्त, चुन्नीलाल सोमानी, पार्षद रेहाना खातून सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे. सोसाइटी के सचिव विश्वंभवर ने सोसाइटी की गतिविधियों पर प्रकाश डाला.

प्रभात खबर, २ जून, २००२

ess bee

# मुफ्त पुस्तक वितरण समारोह

कोलकाता, १ जून (जनसत्ता)। विद्या दान ही सर्वोत्तम दान है। शिक्षा के प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में किए गए सेवा मूलक कार्य प्रशंसनीय और वंदनीय हैं। ये विचार अंतराष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन, युवा शाखा के अध्यक्ष संदीप भूतोड़िया ने शनिवार को भारत रिलीफ सोसाइटी के १७वें मुफ्त पुस्तक वितरण समारोह में रखे। विदेशों में 'कामन एजुकेशन कोड' जिसके तहत एक निर्धारित सीमा तक शिक्षा सभी के लिए अनिवार्य है का हवाला देते हुए भूतोड़िया ने कहा कि इससे शिक्षा के प्रसार में मदद मिल सकती है।




*भारत रिलीफ सोसाइटी की ओर से शनिवार को आयोजित १७वें पाठ्य पुस्तक वितरण समारोह में (बाएं से) विश्वंभर नेवर, संदीप भूतोड़िया, हृदयानंद गुप्ता व साधुराम बंसल।*

समारोह में समिति के प्रधान सचिव व पत्रकार विश्वंभर नेवर ने समिति की विभिन्न गतिविधियों का सिलसिलेवार ब्यौरा देते हुए कहा कि सेवा के आयाम में संस्था द्रुतगति से आगे बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं के मूल में शिक्षा का न होना ही है। साक्षरता अभियान की सफलता पर ही देश का उज्ज्वल भविष्य टिका हुआ है। इस मौके पर प्रभा खेतान फाउंडेशन व अंतराष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन युवा शाखा के साझा कार्यक्रम 'एजुकेशन फार आल' ने भारत रिलीफ सोसाइटी की ओर से प्रस्तावित दस छात्र-छात्राओं को पूरे वर्ष छात्रवृत्ति देने की घोषणा की गई।

समारोह में तकरीबन एक हजार छात्र-छात्राओं को हिंदी, बांग्ला व उर्दू की पाठ्य पुस्तकें वितरित की गईं।

कार्यक्रम में कोलकाता नगर निगम में पार्क विभाग के मेयर परिषद के सदस्य हृदयानंद गुप्त, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनोज पोद्दार, पार्षद रेहाना खातून, अध्यक्ष चुन्नीलाल सोमानी, साधुराम बंसल, महावीर पेड़ीवाल ने विचार रखे।

जनसत्ता, रविवार, २ जून २००२




*प्रभा खेतान फाउन्डेशन एवम् अन्तर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन युवा शाखा के साझा कार्यक्रम में भारत रिलीफ सोसाइटी के १७वें निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन युवा शाखा के अध्यक्ष श्री संदीप भुतोड़िया। पास ही श्री विश्वम्भर नेवर, मेयर परिषद के सदस्य श्री हृदयानंद गुप्त एवं अन्य चित्र में दिखाई पड़ रहे हैं*

सन्मार्ग, रविवार, २ जून २००२

ess bee




**भारत रिलीफ सोसाइटी द्वारा आयोजित पाठ्य पुस्तक वितरण समारोह में समारोह के विशिष्ट अतिथि श्री संदीप भूतोड़िया एक छात्र को पाठ्य पुस्तकें प्रदान करते हुए। मंचासीन बायें से श्री विश्वम्भर नेवर, मेयर परिषद के सदस्य श्री हृदयानन्द गुप्ता, श्री चुन्नीलाल सोमानी, श्री साधुराम बंसल, ( पीछे ) पार्षद रेहाना खातून।** -फोटो : छपते छपते

# निर्धन छात्रों को पाठ्य पुस्तकें दी गयी

कोलकाता, 2 जून (संवाददाता)। मानव सेवा के प्रति समर्पित सुप्रसिद्ध संस्था भारत रिलीफ सोसाइटी का 17वां पुस्तक वितरण समारोह शनिवार को संपन्न हुआ। माहेश्वरी सदन के सभागार में आयोजित इस समारोह का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया मेयर परिषद के सदस्य श्री हृदयानन्द गुप्ता। अपने भाषण में श्री गुप्ता ने महंगी होती शिक्षा का उल्लेख करते हुए कहा कि छात्रों को पुस्तकें देकर वे देश में एक रचनात्मक कार्य कर रहे हैं क्योंकि शिक्षा के बिना किसी भी देश का विकास असंभव है।

युवा उद्योगपति एवं समाजसेवी श्री संदीप भूतोड़िया ने कहा कि शिक्षा मौलिक अधिकार है। हमारे देश में आज भी भावी नागरिक इससे वंचित हैं। शिक्षादान एक यज्ञ है जिसमें सभी को आहूति देनी चाहिए। श्री भूतोड़िया ने यह भी घोषणा की कि वे सोसाइटी की सिफारिश से आये दस छात्रों को पूरी छात्रवृत्ति प्रतिवर्ष प्रभा खेतान फाउंडेशन एवं अन्तर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन के एजुकेशन फॉर ऑल कार्यक्रम के अन्तर्गत देंगे। सोसाइटी के प्रधान सचिव श्री विश्वम्भर नेवर ने संस्था की जन कल्याण मूलक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। संस्था के अध्यक्ष श्री चुन्नीलाल सोमानी ने धन्यवाद ज्ञापन में कहा कि गरीब छात्रों को पुस्तक वितरण को हम मानव सेवा का सर्वोत्तम अंग मानते हैं। श्री नाथूराम गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता श्री रामलाल तोषनीवाल, पं. रामाधीन शर्मा वशिष्ट, मनोज पोद्दार, राम गोपाल बागला, परसराय सोमानी, आत्मा राम तोदी. बालकृष्ण माहेश्वरी आदि के हाथ से भी पुस्तकें प्रदान की गयी। सोसाइटी के उपाध्यक्ष श्री महावीर प्रसाद पेड़ीवाल एवं श्री साधुराम बंसल भी उपस्थित थे। प्रारम्भ में चेरी बैद ने गीत प्रस्तुत किया।

सोसाइटी ने लगभग एक हजार छात्रों को पुस्तकें दी। सर्वश्री ब्रह्मदत्त ओझा, गणेश पेड़ीवाल, दिनेश सेठ, सुरेन्द्र कुमार सोमानी, श्यामलाल डोकानिया, श्रीचन्द बैद, रामगोपाल बट्टानी, लालचन्द सेन आदि का पूर्ण सहयोग रहा।

दैनिक छपते-छपते, सोमवार, ३ जून २००२

46

# दुर्घटना में बच्छावत का निधन, भूतोड़िया सुरक्षित

चूरू, 9 जून (काप्र)। शेखावाटी जनपद के चूरू निवासी व कोलकाता प्रवासी झूमरमल बच्छावत का आज एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया व दो अन्य प्रवासी घायल हो गए। दुर्घटना कोलकाता से करीब 100 किमी दूर कोलाघाट के पास हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री बच्छावत अंतरराष्ट्रीय युवा मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष संदीप भूतोड़िया, सम्मेलन के महामंत्री तिलोकचंद डागा व चूरू के ही प्रवासी उद्यमी अभयसिंह सुराणा के साथ पश्चिम बंगाल के मीदनापुर जिले के कोलाघाट गांव में महिलाओं के लिए स्वरोजगार योजना के तहत संचालित कार्यक्रम में आर्थिक सहयोग करने के लिए जा रहे थे। कोलाघाट गांव से कुछ पहले सड़क पर सामने से आ रहे एक ट्रक से उनकी गाड़ी टकरा गई जिससे श्री बच्छावत की मौके पर ही मृत्यु हो गई व श्री डागा, सुराणा व गाड़ी का ड्राईवर गंभीर रूप से घायल हो गए। श्री भूतोड़िया को किसी प्रकार की कोई चोट नहीं आई। ड्राईवर रामरतन राय ने अस्पताल ले जाते समय बीच रास्ते में दम तोड़ दिया। तिलोक चंद डागा (शेष पृष्ठ 8 पर)

## दुर्घटना ...

व अभयसिंह सुराणा को कोलकाता के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां श्री डागा की हालत अब खतरे से बाहर बताई जाती है जबकि श्री सुराणा की स्थिति अभी भी गंभीर है। दुर्घटना में मृतक झूमरमल बच्छावत का आज देर शाम कोलकाता के नीमतल्ला श्मसान घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। दुर्घटना की खबर कस्बे में पहुंचते ही यहां शोक की लहर फैल गई। उल्लेखनीय है कि श्री बच्छावत कस्बे के विकास में काफी रूचि रखते थे तथा उन्होंने यहां नाक, कान व गले का अस्पताल बनवाकर राज्य सरकार को सौंपा था।

शेखावाटी भास्कर १० जुन २००२

# दुर्घटना में बच्छावत का निधन, भूतोड़िया सुरक्षित

चूरू, 9 जून (काप्र)। शेखावाटी जनपद के चूरू निवासी व कोलकाता प्रवासी झूमरमल बच्छावत का आज एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया व दो अन्य प्रवासी घायल हो गए। दुर्घटना कोलकाता से करीब 100 किमी दूर कोलाघाट के पास हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री बच्छावत अंतरराष्ट्रीय युवा मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष संदीप भूतोड़िया, सम्मेलन के महामंत्री तिलोकचंद डागा व चूरू के ही प्रवासी उद्यमी अभयसिंह सुराणा के साथ पश्चिम बंगाल के मीदनापुर जिले के कोलाघाट गांव में महिलाओं के लिए स्वरोजगार योजना के तहत संचालित कार्यक्रम में आर्थिक सहयोग करने के लिए जा रहे थे। कोलाघाट गांव से कुछ पहले सड़क पर सामने से आ रहे एक ट्रक से उनकी गाड़ी टकरा गई जिससे श्री बच्छावत की मौके पर ही मृत्यु हो गई व श्री डागा, सुराणा व गाड़ी का ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए। श्री भूतोड़िया को किसी प्रकार की कोई चोट नहीं आई। ड्राइवर रामरतन राय ने अस्पताल ले जाते समय बीच रास्ते में दम तोड़ दिया। तिलोक चंद डागा (शेष पृष्ठ 8 पर)

## दुर्घटना ...

व अभयसिंह सुराणा को कोलकाता के अस्पताल में भरती करवाया गया है जहां श्री डागा की हालत अब खतरे से बाहर बताई जाती है जबकि श्री सुराणा की स्थिति अभी भी गंभीर है। दुर्घटना में मृतक झूमरमल बच्छावत का आज देर शाम कोलकाता के नीमतल्ला श्मसान घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। दुर्घटना की खबर कस्बे में पहुंचते ही यहां शोक की लहर फैल गई। उल्लेखनीय है कि श्री बच्छावत कस्बे के विकास में काफी रूचि रखते थे तथा उन्होंने यहां नाक, कान व गले का अस्पताल बनवाकर राज्य सरकार को सौंपा था।

शेखावाटी भास्कर १० जुन २००२

# समझने लायक बनाना होगा पाठ्यक्रम : असीम


जनसत्ता संवाददाता

कोलकाता, २३ जून। विद्यालयों में पढ़ाए जाने वाला पाठ्यक्रम इतना लंबा, बोझिल और अधिक है कि वह विद्यार्थियों को व्यथित कर देता है। इस पाठ्यक्रम को छोटा कर उसे अधिक समझने लायक बनवाना समय की मांग की है। ये बातें राज्य के वित्तमंत्री असीम दासगुप्ता ने श्री जैन विद्यालय में आयोजित निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण समारोह में कही। वे इस आयोजन के मुख्य अतिथि थे। वित्त मंत्री ने कहा कि अध्यापकों को चाहिए कि वे पाठ्यक्रम के बाहर की भी जरूरी शिक्षा विद्यार्थियों को दें।

समारोह के विशिष्ट अतिथि, सामाजिक कार्यकर्ता व उद्योगपति संदीप भूतोड़िया ने कहा कि लक्ष्मी और सरस्वती ही स्थायी पूंजी है। स्थानकवासी जैन सभा को साधुवाद देते हुए उन्होंने कहा कि जैन श्वेतांबर स्थानकवासी सभा की ओर से कलकत्ता से लेकर पश्चिम बंगाल के ग्रामीण अंचलों तक सेवा व शिक्षा के अनवरत कार्यों के कारण सिर्फ उनका ही नहीं वरन् तेरापंथ और दिगंबर समाज भी गौरवान्वित हुआ है।

सभा के प्रमुख कार्यकर्ता सरदारमल कांकरिया ने सभा को संचालित सभी कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि सभा एक कालेज के निर्माण की योजना बना रहा है। जिसके लिए उद्योगपति हरखचंद कांकरिया की तरफ से एक करोड़ रुपए का अनुदान मिलने का आश्वासन मिल चुका है। तेरापंथ संप्रदाय के सामाजिक नेता श्रीचंद नाहटा ने भी सभा के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। और हर तरह के सहयोग का आश्वासन दिया।

उद्योगपति हरखचंद कांकरिया की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में कोलाघाट के विधायक विप्लव रायचौधरी, बालचंद भूरा, माणकचंद रामपुरिया, बच्छराज आमानी भी थे। संयोजक सुभाष बच्छावत ने बुक बैंक के कार्यों की विवेचना करते हुए घोषणा की कि प्रभा खेतान फाउंडेशन व अंतराष्ट्रीय मारवाड़ी युवा सम्मेलन के साझा कार्यक्रम 'एजुकेशन फार आल' के द्वारा उन २० विद्यार्थियों को आर्थिक अनुदान दिया जाएगा जिन्होंने निशुल्क पुस्तकें लेकर पढ़ाई करके भी ८० प्रतिशत से भी ज्यादा अंक अर्जित किए हैं। इस अवसर पर सभा की एक नई स्वरोजगार योजना का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस योजना के तहत झूमरमल बच्छावत के परिवार की ओर से एक लाख रुपए का अनुदान कोलाघाट के संस्थान को दिया गया। उल्लेखनीय है कि यह अनुदान एक जून को ही दिया जाने वाला था, परंतु उस दिन के सड़क हादसे के कारण यह कार्यक्रम नहीं संपन्न हो पाया था। कार्यक्रम सफल बनाने में सुरेंद्र बांठिया, विनोद मित्री, सुंदरलाल दूगड़ आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।




*स्थानकवासी जैन सभा के कार्यक्रम में वित्त मंत्री असीम दासगुप्त बच्छावत परिवार को मेमोंटो देते हुए। दासगुप्त के साथ हैं श्रीचंद नाहटा, कोलाघाट के विधायक विप्लव रायचौधरी, विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय मारवाड़ी युवा सम्मेलन के अध्यक्ष संदीप भूतोड़िया व सरदारमल कांकरिया।*


जनसत्ता, २४ जून २००२

ess bee

49

# सरस्वती ही स्थाई पूंजी है : संदीप भूतोड़िया


कोलकाता, २३ जून (नप्र)। शिक्षालयों में पढ़ाए जाने वाला पाठ्यक्रम इतना लम्बा और अधिक है कि वो विद्यार्थियों के गले पूरा नहीं उतरता है, अत: पाठ्यक्रम को छोटा कर उसे अधिक समझने लायक बनवाना समय की मांग है - ये उद्‌गार राज्य के वित्तमंत्री असीम दास गुप्ता के जो श्री जैन विद्यालय में आयोजित नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि की हैसियत से व्यक्त किए। वित्तमंत्री ने कहा कि अध्यापकों को चाहिए कि वो पाठ्यक्रम के बाहर की भी जरूरी शिक्षा विद्यार्थियों को दे। समारोह के विशिष्ट अतिथि सुपरिचित श्री संदीप भूतोड़िया ने कहा कि लक्ष्मी और सरस्वती में सरस्वती ही स्थाई पूंजी है। स्थानकवासी जैन सभा को साधुवाद देते हुए उन्होंने कहा कि जैन श्वेताम्बर स्थानकवासी सभा द्वारा कलकत्ते से लेकर प. बंगाल के ग्रामीण अंचलों तक सेवा व शिक्षा के अनवरत कार्यों के कारण सिर्फ उनका ही नहीं वरन् तेरापंथ और दिगंबर समाज भी गौरान्वित हुआ है। श्री भूतोड़िया ने कहा कि समस्त जैन समुदायों को स्थानकवासी समाज के कर्मठ और समर्पित कार्यकर्त्ताओं से प्रेरणा लेनी चाहिए। सभा के प्रमुख कार्यकर्त्ता श्री सरदारमल कांकरिया ने सभा द्वारा संचालित सभी कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि जल्द ही सभा द्वारा एक कालेज के निर्माण की योजना बनायी जा रही है जिसके लिए श्री हरखचन्द कांकरिया की तरफ से १ करोड़ रु. का अनुदान मिलने का आश्वासन मिल चुका है। तेरापंथ सम्प्रदाय के प्रमुख श्रीचंद नाहटा ने भी सभा द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की तथा हर तरह के सहयोग का आश्वासन दिया। श्री हरखचन्द कांकरिया की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में कोलाघाट के विधायक विप्लव राय चौधरी, बालचन्द भूरा, माणकचन्द रामपुरिया, बच्छराज आभानी आदि भी मंच पर उपस्थित थे। संयोजक सुभाष बच्छावत ने बुक बैंक के कार्यों की विवेचना करते हुए ये घोषणा की कि युवा खेतान फाउंडेशन व अन्तर्राष्ट्रीय मारवाड़ी युवा सम्मेलन के साझा कार्यक्रम 'एजुकेशन फार आल' के द्वारा उन २० विद्यार्थियों को आर्थिक अनुदान दिया जायेगा जिन्होंने नि:शुल्क पुस्तकें लेकर पढ़ाई करके भी ८०% से भी ज्यादा नम्बर अर्जित किए हैं। इस अवसर पर सभा की एक नई स्वरोजगार योजना का विधिवत सुभारम्भ किया गया। इस योजना के तहत स्व. झूमरमल बच्छावत के पारिवारिक सदस्यों की तरफ से एक लाख रु. का अनुदान कोलाघाट के संस्थान को दिया गया। उल्लेखनीय है कि यह अनुदान गत ९ जून को दिया जाने वाला था परन्तु उस दिन के सड़क हादसे के कारण यह कार्यक्रम नहीं सम्पन्न हो पाया था। कार्यक्रम सफल बनाने में सुरेन्द्र बांठिया, विनोद मित्री, सुन्दरलाल दुगड़ आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।




*श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन सभा के कार्यक्रम में बोलते हुए राज्य के वित्तमंत्री असीम दास गुप्ता। मंचस्थ समारोह के विशिष्ठ अतिथि युवा सामाजिक कार्यकर्त्ता श्री संदीप भूतोड़िया, कोलाघाट के विधायक श्री बिप्लव राय चौधरी व श्री सरदारमल कांकरिया। दूसरे चित्र में वित्तमंत्री के हाथों प्रतीक चिन्ह ग्रहण करते हुए बच्छावत परिवार के सदस्या। साथ में परिलक्षित हैं श्री श्रीचन्द नाहटा, श्री हरखचन्द कांकरिया व श्री सुरेन्द्र बांठिया।* दैनिक विश्वमित्र चित्र

दैनिक विश्वमित्र, २४ जून २००२

ess bee




**Finance minister Asim Dasgupta at a book distribution function organised by the Jain Community. Industrialist Sundeep Bhutoria, MLA of Kolaghat, Biplab Roy Choudhury and S. M. Kankaria were also present.**

**Free books**

"The present syllabus in schools is longer, clumsy and not to the point. The demand of time is that the syllabus should be reduced and prepared to be more understandable to the students", said the Finance Minister of the State Asim Dasgupta. Dasgupta was speaking on the function organised by Jain Swetamber Sthanakwasi Sabha in Shree Jain Vidyalaya for free distribution of books to the needy students.

Finance Minister said that the teachers should also teach the students important things, which are outside from the syllabus as well. The Chief Guest of the function, Sundeep Bhutoria, an industrialist and social worker, said that Goddess Sarswati is superior than Goddess Lakshmi and someone can steal the money and wealth but none can steal or takeaway education and knowledge. Mr Bhutoria said that by the works in the field of education and service done by Jain Sabha is remarkable. On the occasion the senior member of the organisation, S. M. Kankaria announced that a college in Calcutta by the Jain Community is under planning and the renowned industrialist H. C. Kankaria has assured of contributing Rs. 1 crore for the proposed college. The function was presided by H. C. Kankaria and the scholarship has also been announced in the function by Education for All, a joint project of Prabha Khaitan Foundation and International Marwari Federation - Youth Wing to the students who has secured more than 80% in Madhyamik Examination although they have studied with the help of Shree Jain Book Bank. The others present in the function on dais included Biplab Roychoudhury, MLA Kolaghat and S. C. Nahata.

**THE TIMES OF INDIA, WEDNESDAY, JUNE 26, 2002**

ess bee

# राजस्थान जाने के लिए बेहद उत्सुक हूँ : तसलीमा नसरीन

जोधपुर (वि)। राजस्थान में अब तक नहीं गई हू, लेकिन राजस्थान मुझे बचपन से ही आकर्षित करता रहा है और मैं वहां जाने के लिए बेहद उत्सुक हूं। प्रभार खेतान फाउंडेशन द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मै अवश्य राजस्थान जाकर कार्यक्रम में भाग लूंगी।

ये बाद देश निकाला भोग रही बांगलादेश की विख्यात तसलीमा नसरीन ने अंतर्राष्ट्रीय मारवाडी सम्मेलन युवा शाखा के अध्यक्ष व प्रभा खेतान फाउंडेशन के ट्रस्टी संदीप भूतोडि? को एक शिष्टाचार भेंट में कही। युवा शाखा के संयोजक राजेश बिहानी ने तसलीमा नसरीन को अंतर्राष्ट्रीय मारवाडी सम्मेलन युवा शाखा व प्रभा खेतान फाउंडेशन के सांझा कार्यक्रम एजुकेशन फार आल के कार्यक्रमों तथा आयोजनाओं से उन्हे वाकिफ कराया। भूतोडि? के राजस्थान आने निमंत्रण को स्वीकार करते हुए कहा ये स्वीडेन वापस जाकर राजस्थान जाने की तिथि से अवगत कराएंगी।

विदित हो कि प्रत्येक वर्ष प्रभा खेतान फाउंडेशन द्वारा राजस्थान में प्रतिभाशाली छात्राओं के लिए साहित्य में पुरस्कार दिया जाता है। पिछले वर्ष यह पुरस्कार हिन्दी के विख्यात लेखक राजेन्द्र यादव में प्रदान किया था।

समाचार जगत, जयपुर, २६ जुलाई २००२

ess bee



## राजस्थान आने के लिए बेहद उत्सुक हैं तसलीमा नसरीन

जयपुर, 12 जुलाई (भाससे)। 'राजस्थान में अब तक गई नहीं हूं, लेकिन राजस्थान मुझे बचपन से ही आकर्षित करता रहा है और मैं वहां जाने के लिए बेहद उत्सुक हूं। प्रभा खेतान फाउंडेशन की ओर से आयोजित होने वाले पुरस्कार वितरण समारोह में मैं अवश्य राजस्थान जाकर कार्यक्रम में भाग लूंगी'। यह बात देश निकाला भोग रही बांग्लादेश की विख्यात लेखिका तसलीमा नसरीन ने अंतराष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन की युवा शाखा के अध्यक्ष और प्रभा खेतान फाउंडेशन के ट्रस्टी संदीप भूतोड़िया से एक शिष्टाचार भेंट में कही। भूतोड़िया के राजस्थान आने के निमंत्रण को स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा वे स्वीडन वापस जाकर, राजस्थान आने की तिथि से अवगत कराएंगी।

दैनिक भास्कर, १३ जुलाई २००२

दैनिक
करंटज्वाला



## तसलीमा का राज्य से लगाव

जयपुर। बांग्लादेश की विख्यात लेखिका तसलीमा नसरीन का कहना है कि राजस्थान के प्रति मेरा बचपन से ही आकर्षण रहा है और मैं राजस्थान जाने को बेहद उत्सुक हूं। उन्होंने बताया कि उन्हें अभी तक एक बार भी राजस्थान जाने का मौका नहीं मिला है।

ये बात उन्होंने अन्तरराष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन की युवा शाखा के अध्यक्ष व प्रभा खेतान फाउंडेशन के ट्रस्टी संदीप भूतोड़िया को एक शिष्टाचार भेंट में कहीं।


भूतोड़िया के राजस्थान आने के निमंत्रण को स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा कि प्रभा खेतान फाउंडेशन द्वारा पुरस्कार वितरण समारोह में मैं अवश्य राजस्थान जाकर कार्यक्रम में भाग लूंगी। लेकिन राजस्थान आने की तिथि वे स्वीडन से वापिस आकर तय करेंगी। इस अवसर पर संदीप भूतोड़िया तथा राजेश बिहानी द्वारा तसलीमा नसरीन को राजस्थानी हस्तशिल्प से बना चांदी का एक आईना स्मृति चिह्न के तौर पर भेंट किया।

दैनिक करंट ज्वाला, जयपुर, २१ जुलाई २००२

ess bee

# राजस्थान जाने के लिए बेहद उत्सुक हूं- तसलीमा नसरीन

कलकत्ता, 12 जुलाई ( सा.सं. )। राजस्थान में अब तक गई नहीं हूं, लेकिन राजस्थान मुझे बचपन से ही



आकर्षित करता रहा है और मैं वहां जाने के लिए बेहद उत्सुक हूँ- प्रभा खेतान फाउण्डेशन द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मैं अवश्य राजस्थान जाकर कार्यक्रम में भाग लूंगी। ये बात देश निकाला भोग रही बांग्लादेश की विख्यात लेखिका तसलीमा नसरीन ने अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन युवा शाखा के अध्यक्ष व प्रभा खेतान फाउण्डेशन के ट्रस्टी सन्दीप भूतोड़िया को एक शिष्टाचार भेंट में कही।

युवा शाखा के संयोजक, राजेश बिहानी ने तसलीमा नसरीन को अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन, युवा शाखा व प्रभा खेतान फाउण्डेशन के साझा कार्यक्रम एजुकेशन फॉर ऑल के कार्यक्रमों तथा योजनाओं से उन्हें वाकिफ कराया। भूतोड़िया के राजस्थान जाने की तिथि से अवगत कराएंगी। विदित हो कि प्रत्येक वर्ष प्रभा खेतान फाउण्डेशन द्वारा राजस्थान में प्रतिभाशाली छात्राओं के लिए साहित्य में पुरस्कार दिया जाता है, पिछले वर्ष यह पुरस्कार हिन्दी के विख्यात लेखक राजेन्द्र यादव ने प्रदान किया था।

इस अवसर पर भूतोड़िया व राजेश बिहानी द्वारा तसलीम नसरीन को राजस्थानी हस्तशिल्प से बने चांदी का एक आईन स्मृति चिह्न के तौर पर भेंट किया तथा तसलीमा नसरीन ने अपनी पुस्तकें उन्हें भेंट की।

दैनिक सांध्य ज्योति दर्पण, जयपुर, १२ जुलाई २००२

ess bee

54




सीताराम शर्मा के कोंसुल जनरल पद पर नियुक्त किए जाने पर आयोजित उनके अभिनंदन समारोह में उन्हेंमानपत्र भेंट करते हुए संदीप भूतोड़िया व (दाएं) हाशिम अब्दुल हलीम। फोटो:जनसत्ता

# 'वरना पूंजीवाद हमें दफना देगा'

कोलकाता, ६ जुलाई (जप्र)। वैश्वीकरण के इस खतरनाक दौर में देश का औद्योगिक विकास व उत्पादन के स्तर में वृद्धि जरूरी है। इससे आयात-निर्यात की होड़ में हम आगे निकल सकते हैं। वरना पूंजीवाद हमें दफना देगा। इस लक्ष्य को पाने के लिए हमें युवा वर्ग को और स्वतंत्रता देनी होगी जिससे कि वे देश के सर्वांगीण विकास में आगे आ सकें।

विधानसभा अध्यक्ष हाशिम अब्दुल हलीम ने शनिवार को सीताराम शर्मा के बेलारूस गणराज्य के कोंसुल जनरल नियुक्त होने पर उनके अभिनंदन समारोह में कहा कि शर्मा की इस नियुक्ति से दोनों देशों के राजनयिक संबंध मजबूत होंगे। औद्योगिक, सांस्कृतिक व शैक्षणिक आदान-प्रदान समेत हर क्षेत्र में दोनों देशों के संबंध काफी गहरे होंगे। शर्मा इस पद के योग्य व सक्षम दावेदार हैं।

राज्य के अल्पसंख्यक विकास व कल्याणमंत्री मोहम्मद सलीम ने कहा कि सीताराम शर्मा को कंसूल जनरल नियुक्त कर बेलारूस ने पहली लड़ाई जीत ली है। क्योंकि दोनों देशों के बीच बेहतर संबंधों की स्थापना में शर्मा से योग्य व्यक्ति दूसरा कोई हो ही नहीं सकता।

पत्रकार गीतेश शर्मा ने कहा कि शर्मा की उपलब्धियों के पड़ाव में कहीं ठहराव नहीं है। उपलब्धियों के बहाव में शर्मा काफी पहले उतर चुके थे और वह अबाध जारी है। न्यायमूर्ति केएम युसूफ ने कहा कि शर्मा एक हमदर्द इंसान हैं। इंसान हैं, जिसका होना ही इंसान को मयस्सर नहीं होता। मोहनलाल तुलस्यान ने कहा कि सम्मान औरों को सम्मानित करना सिखाता है। सीताराम इस भावना के धनी हैं। इस पद पर भारतीयों के उत्थान में इनका महत्वपूर्ण योगदान होगा।

सत्यनारायण बजाज ने कहा 'यह मेरा अकेले ही उपलब्धि नहीं बल्कि सबके सहयोग से मैं यहां पहुंचा हूं। मेरी हर संभव कोशिश होगी कि पद की गरिमा पर आंच न आए। बेलारूस में भारी उद्योग काफी हैं। यहां के बंद कारखानों को खोले जाने का प्रयास मैं करूंगा। कांच, चाय, कार्पेट, जूट समेत कई सामान का वहां निर्यात हो सकता है।

उन्होंने कहा कि बेलारूस से एक टीम यहां आ रही है जो मेडिकल साइंस पर चर्चा करेगी। वहां दवाइयां बाहर के देशों से आती हैं। अब भारत से दवाइयां वहां जाएंगी व दवा के कारखाने भी वहां लगाए जा सकते हैं। साथ ही सांस्कृतिक आदान-प्रदान भी होगा। खेल-कूद समेत अन्य प्रतियोगिताओं के दरवाजे भी खुलेंगे।

अभिनंदन समारोह का आयोजन व संचालन मणिराम सुरेका ने किया। इस मौके पर संदीप भूतोड़िया ने शर्मा को मानपत्र भेंट किया।

जनसत्ता, कोलकाता, ७ जुलाई २००२

ess bee




श्री सीताराम शर्मा के बेलारूस गणराज्य के कौंसुल जनरल नियुक्ति पर अभिनन्दन समारोह में अभिनन्दन पत्र भेंट करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय मारवाड़ी युवा सम्मेलन के अध्यक्ष संदीप भूतोड़िया, उद्योगपति हरिप्रसाद बुधिया व संयोजक भानीराम सुरेका। मंचस्थ हैं विधानसभा अध्यक्ष हाशिम अब्दुल हलीम, प. बं. सरकार के मंत्री मो. सलीम, जोड़ासांकू के विधायक श्री सत्यनारायण बजाज एवं जस्टिस युसफ। दैनिक विश्वमित्र चित्र

दैनिक विश्वमित्र, कोलकाता, ७ जुलाई २००२

ess bee